(b) Bar Charts can be drawn for the percentage pass in a class in different subjects, in a school in different classes, in a district in different schools. This will indicate the relative position of the subjects taught in classes in the school, and the schools in the district. The task of the teacher should be not only teaching, but reducing the drop out and upgrading the lower 10% students and taking remedial measures for it. The task of the Headmaster should be not only managing the School but also understanding the reasons for the poor performance in the lower 10% of subjects taught and taking remedial measures to improve the situation. The task of the District Education Officer (DEO) may include remedial measures to improve the performance of lower 10% schools in a district. At State level to have a Technical

Cell at the State level to device methods for understanding regional differences and disparities and for modifying the system to suit the local conditions.



While planning is for excellence, the monitoring mechanism is for locating deficiency and correcting it. The performance of top ten percent can also be analysed for finding the reasons for their better performance. The conclusion can be used for improving the lower ten percent. By this method the average performance of a class, school or district can improve and the differential can decrease. The same method can be adopted in the University system with the Chairman, Dean and Vice-Chancellor/Pro-Vice-Chancellor replacing the functionaries in the school system.

This simple method can be adopted without much difficulty at all levels. Indirectly we are introducing a component of data based academic management, and evaluation. At present any attempt to monitor and measure the quantum of work is being resented by the teaching community. The Bar Chart is only an indicator and not a measurement of work. Further steps are to be taken to confirm the indication.

2. Histogram:- A better indicator is the histogram but the interpretation of the histogram requires some training and can be used by Vice-Chancellor/Pro-Vice-Chancellor, regional level and State level officers in the school system. The distortions can be visible and attention can be focussed on selective basis to improve the deficiencies. Sympathetic improvement may come in other areas.

The assumption in the histogram method is that the human performance, competence, intelligence, etc. follow the normal frequency curve. This has been tested by several experiments all over the world. In any case, we are using it only as an indicator and any decision making will be based on supporting data and corroboration.

Major distortions from the normal curve indicates a gross error and the reason for it can be analysed. Any distortion indicates human effort or a lack of it. Graph No. 1 may indicate poor evaluation while the Graph No. 2 may indicate poor teaching. By drawing histogram of

performance of students -- in a class, one above the other it is possible to understand whether the teacher has performed his duties, whether the question paper was tough, whether the evaluation was reasonable etc. Where the results are computerised, drawing the histogram is easy.

3. Flow Charts:- In any system, if the flow diagram is simple and streamlined it can be managed easily. A complicated multi-directional flow diagram indicates confusion in the system. Any effort to improve the performance within a complicated and distorted system may not succees. Therefore, the effort should be to see that the organisational structure is as simple and streamlined as possible.

Case Study:- In a particular University, the mark lists were not available to the students even after six months of announcement of results. A flow chart was drawn of the stages through which each operation is taking place before the results are announced. The flow diagram showed to and fro movements and complicated loops. A simplified uni-directional flow chart was drawn with necessary controls. The result was that the mark sheets could be issued to the students, along with the results. This was achieved without change in the structure of administration creating minimum strain in the organisation.

This method was utilised for reducing delay in office matters, in detecting the source of malpractices and

impersonation in admission etc.

4. Computer Matching:- The computer can be used as a management aid successfully in educational management. Structural changes can be brought about in the university management system by the induction of the computer. The transitional phase when the existing system is not replaced completely and the new system is not fully established, it is critical and should be planned carefully. Responsible people should be in charge of implementation especially at the transitional phase. Any deliberate effort to create confusion, so that the new system will not establish itself, is to be plugged in the beginning.

Today in the University system, the decision making has shifted very much down the hierarchy. Any Vice-Chancellor new to the situation may receive structured and arranged information for decision making. What is needed is correct and impersonal information so that decisions can be taken with objectivity. The computer may be able to store information on all major aspect of management and decision making based on rules and regulations. The decision making authority may be able to depend upon the stored information for counter checking the notings in file from below or for taking decision independently on the basis of the information stored. For monitoring implementation, graphs, charts and histograms can be drawn with the help of computer. Once

the computer based management is established, structural changes in the administrative procedure is easy. Some cases where computer matching has given results in difficult situations are discussed below:

In some Universities unauthorised persons occupy hostel rooms without permission and there is no method of identifying them. These persons may have linkage with the underworld. They often work in collaboration with the corrupt inside. The Provost and warden and other authorities may not be able to identify them. If at all identified. They may not be able to face the musclemen. For identifying the non students, the computerised student list in the University was matched with the hostel occupancy list. When the residents who were not students were identified, they were persuaded to leave the hostel. When the number decreased, the persons with criminal tendencies could be located and steps taken to prevent their entry into hostels.

The more effective use of the computer was for quantamising the work load of ledger keepers, who were not keeping the ledgers uptodate by pretending to have too much work. By computerising the receipts, it was observed that the ledger keepers had very little work to do and inspite of that the ledgers were not uptodate. The fact that the credits can be posted in individual accounts, without the help of the ledger keepers, had a salutory affect on discipline.

In other words, the computer has helped to quantamise the work load of ledger keepers bring a distorted system back into rails. The lists of students with arrears more than Rs. 2000/-, Rs. 1000/-, Rs. 500/- etc. were also available to the Provosts. This helped the Provosts and Wardens to identity the students and recover arrears. A judicious use of the computer can bring discipline all along the line.

The performance of a student in exams, extra-curricular activities, dues in the hostel and all other information can be fed into the computer for a data base. A computer terminal on Vice-Chacellor's table will help him get information about each student. When any student is discussing his problems with V-C or any other authority, complete information regarding the student can be available on the dial of the terminal by suitable recall mechanism. Correctness of the statement of students can be verified then and there and decision taken without waiting for information from below. The same methods can be adopted when dealing with staff. There can be all round improvement in discipline in the University system which is essential for any creative work. The computer can be used for many other administrative purposes also.


NORMAL
DISTRIBUTION
ACTUAL
DISTRIBUTION
NUMBER OF STUDENTS
0
20
40
60
80
100
AWARD

FIGURE 2


40
30
20
10
0
20
40
60
80
100
NUMBER OF STUDENTS
ACTUAL
DISTRIBUTION
NORMAL
DISTRIBUTION

दूर शिक्षा-पद्धति की सामाजिक विश्वसनीयता

योगेन्द्र प्रताप सिंह,
निदेशक,
पत्राचार पाठ्यक्रम एवं सह
शिक्षा संस्थान, इलाहाबाद
विश्वविद्यालय, इलाहाबाद।

हजारों वर्षों से चली आती हुई पारम्परिक शिक्षा का संबंध अध्यापकीय समुदाय, पाठ्यक्रम सम्बद्ध पुस्तकों तथा परिसर से है। सामाजिक विश्वसनीयता का प्रश्न आज इस दूर शिक्षा प्रणाली से इसलिए जुड़ा है कि हजारों वर्षों से चली आती हुई पारम्परित शिक्षा ने हमारे मन पर अपना एक स्थायी शैक्षणिक संस्कार छोड़ रखा है।

यह शिक्षण पद्धति नया प्रयोग नहीं है। यह अब एक स्थापित शिक्षण पद्धति का रूप ले चुकी है। सम्पूर्ण विश्व में इसके 5000 प्रतिष्ठान है जिसमें सन् 1984 के आंकड़ों के अनुसार लगभग अस्सी लाख विद्यार्थी इससे कृषि, इंजीनियरिंग, मेडिसिन, व्यावसायिक, कला, वाणिज्य आदि की डिग्रियां ले चुके हैं। सन् 1986 तक यह संस्था एक करोड़ छात्रों के अध्ययन की व्यवस्था करेगी। भारत में इसके अब तक दूर संस्थान खुल चुके हैं और सातवीं पंचवर्षीय योजना के अन्तर्गत अनुमानत: 10 विश्वविद्यालयों को खुलने की सम्भावना प्रगट की जाती है। देश भर में लगभग 2 लाख स्नातक इस शिक्षण व्यवस्था से तैयार हो रहे हैं। इन छात्रों को वही पाठ्यक्रम, वही परीक्षा, वही अंकतालिका तथा वही प्रमाण पत्र दिया जाता है जो परिसरीय छात्रों को। दूर शिक्षा के छात्रों का उच्च स्तरीय प्रतिशत भी परिसरीय छात्रों से कम नहीं होता। ऐसी स्थिति में यह कहना कि पत्राचार पाठ्यक्रम प्रणाली अभी प्रयोग के स्तर पर है, बात स्पष्ट नहीं है।

यू०एन०ओ० दूर शिक्षा विश्वविद्यालय रिपोर्ट में इसके विषय में कहा गया है-- Teaching learning techniques which make use of communication technologies and which do not therefore depend upon traditional face to face encounters between pupil and

Teacher. Where any face to face element is encluded it is usally expected to be a remedial role rather than being part of the routine programme.

इसको इतनी स्पष्ट परिभाषा एवं स्वरूप विवेचन के पश्चात समाज में अब भ्रम नहीं होना चाहिए कि इस शिक्षण पद्धति का स्वरूप परिभाषित नहीं हो सका है। यह शिक्षा पद्धति सस्ते से सस्ते माध्यम से विकसित माध्यमों की ओर जन समुदाय को ले जाती है। भारत ही में नहीं, आज विश्व में डाक प्रसारण सबसे सस्ता माध्यम है। सम्पूर्ण विश्व इस डाक व्यवस्था का उपयोग छपे हुए पाठों को छात्र तक पहुंचाने में करता है। छात्र इसी डाक व्यवस्था से अपनी प्रतिक्रिया पुस्तकों को संस्थान तक भेजता है। अत: संस्थान और छात्र के बीच एकेडेमिक संबंध डाक व्यवस्था के माध्यम से निरन्तर बना रहता है। इसी व्यवस्था के लिए इसे पत्राचार पाठ्यक्रम प्रणाली" Correspondence Education System "कहा जाता है। सुदूरवर्ती छात्रों तथा सम्पर्क के समग्र माध्यम का प्रयोग होने के कारण हम इस दूर शिक्षा"Distance education" कहते हैं। और साक्षात्कारात्मक Face to Face प्रणाली से भिन्न होने के कारण इसे हम अनौपचारिक शिक्षा पद्धति करते हैं। पत्राचार पाठ्यक्रम को शिक्षण पद्धति का अभी देश में न तो इतना अधिक प्रचार-प्रसार हो सका है कि जन सामान्य को उसका सही स्वरूप समझाया जा सके और न पारम्परित शिक्षण से लाभ उठाने वाली एजेन्सियां समाज में इसके स्वरूप को विकसित होने में मदद पहुंचाती हैं। प्रशासन भी, इस शिक्षण पद्धति की वास्तविकता को समाज तक नहीं पहुंचा पा रहा है।

दूरस्था शिक्षण पद्धति के विषय में सबसे बड़ा आरोप यह लगाया जाता है कि इससे संबंद्ध छात्र में सामूहिक एवं सामाजिक भावना का विकास सही ढंग से नहीं होता। कारण कि वह कक्षा भवन के छात्रों के साथ सामूहिक भावना से वंचित रहता है। इस प्रकार के आरोप आंशिक ही सत्य हैं क्योंकि सम्पर्क शिक्षण, प्रतिक्रिया पुस्तकों, रविवासरीय कक्षाओं,

सेमिनार आदि के माध्यम से वह सामूहिक तथा सामाजिक दायित्व से अपने को बाँधता है और इस शिक्षण पद्धति से सम्बद्ध अनेक अध्ययन केन्द्र इसीलिए बनाये जाते हैं कि संस्थाओं के न केवल साक्षात्कारात्मक पद्धति से छात्र को जुड़ने का अवसर प्रदान किया जाता है अपितु शिक्षणोत्तर क्रियाकलापों का भी उसमें समायोजन होना चाहिए।

यह भ्रम मन से निकाल देना चाहिए कि पत्राचार पाठ्यक्रम प्रणाली कोई भिन्न प्रणाली है। यह दूर शिक्षा के क्रियान्वयन का सबसे सस्ता तथा सुलभ माध्यम है।

Saturday Oct. 18,1 86: Afternoon Session

Introduction to T.V.

Dr.M.S.Bist,
Head of the Department
Department of applied
Physics,University
of Allahabad.

So far as education a whole is concerned, T.V. is not a scientific tool just as computer is. There are certain basic requirements to make it a powerful medium in the class room. T.V. is ordinarily taken as a source of entertainment, but actually it is a distance means of communication. Tele means "distance" we learn through hearing and seeing, but when bothare combined we have class room teaching. T.V. is a media who can take up the good of both and eliminate the bad. When we take of television as a tool, we find that it is a three dimensional tool. In ordinary picture the third dimension is just an enterpretation of the mind. It makes global transmission of knowledge possible. Here is variety of transmission. first close circuit.. T.V.technology has more relevance to our day to day class room faculty. Each one can device him own methology of passing on information in the class room.

Satureday Oct. 18, 1986: Afternoon Session

The Art of Communication in Higher Education.

Mrs. L.S.S.Day,
Home Economics
Department,
Allahabad Agricultural
Insitute,Naini,
Allahabad.

Mrs. Day defined communication as a process by which two or more persons exchange views and ideas. It can also be defined as the movement of knowledge to achieve some meaningful end. Good communication is an ingredient of good teaching; the aim of class-room communication is - (1) To inform and create awareness of new ideas,(2) To modify existing beliefs and ideas, and(3) To facilitate decision making.

Mrs. Day further elaborated, with diagrammatic representation, how communication includes expression, interpretation and response. If the source does not have clear information, and/or if the message is not transferred adequately enough, if it is not deciphered properly, and if the receiver does not respond, the communication is lost.

COMMUNICATION IN CLASS ROOM



(2)

She further explained how the five elements of communication are to be balanced. Communicator, message, channel, treatment and response of audience should harmonize to produce really good communication. She presented the Leagan's method in the following diagramme:-



रविवार अक्टूबर 19, 1986 पूर्वाह्न सत्र

शिक्षक-शिक्षार्थी सम्बन्ध: एक मनोवैज्ञानिक विचार धारा

डा0वीरेन्द्र सिन्हा,
सहायक निदेशक(उच्च शिक्षा)
उच्च शिक्षा निदेशालय, उ0प्र0,
इलाहाबाद ।

मानव विकास में शिक्षण का बहुत बड़ा योगदान है । यह निरन्तर प्रक्रिया है, जो जन्म से अन्त तक हर क्षण, हर स्तर पर चलती रहती है । इस हेतु किसी न किसी शिक्षक की आवश्यकता पड़ती रहती है । माँ सबसे पहली शिक्षक होती है, फिर बालक जब घर के वातावरण से बाहर स्कूल भेजा जाता है, वहाँ वह शिक्षक के सम्पर्क में आता है । यहीं से शिक्षक-शिक्षार्थी में एक आत्मीय एवं भावात्मक सम्बन्ध जुड़ने लगता है ।

शिक्षक चाहे प्राइमरी पाठशाला का हो , या विश्वविद्यालय स्तर का, शिक्षण प्रदान करना उसका कार्य है । इस हेतु उसे अपने विद्यार्थियों से मधुर सम्बन्ध बनाने होते है । विद्यार्थी के समक्ष शिक्षक एक"आदर्श" (Project Figure) के रूप में होता है, उसके गुणों का विद्यार्थी जाने अनजाने में अनुकरण करता है । इसीलिए शिक्षक को समाज तथा विद्यार्थियों की आकांक्षाओं तथा उम्मीदों के अनुरूप बनना पड़ता है । महाविद्यालयों के शिक्षकों के समक्ष यह दायित्व और अधिक बढ़ जाता है, क्योंकि वे किशोरों के सम्पर्क में आते है । किशोरावस्था एक झंझावत की आयु होती है, जिसमें किशोर अत्यन्त ही संवेदनशील, दिवास्वप्न तथा उच्च अभिलाषाओं/आकांक्षाओं के बीच विचरण करता रहता है । यहाँ सबसे अधिक प्रभावित उसे उसका शिक्षक ही करता है । इसीलिए शिक्षक-शिक्षार्थी सम्बन्धों के बारे में सोच आवश्यक हो उठा है । यह एक विचार योग्य मुद्दा है ।

इस मुद्दे पर प्राचीन समय से विचार विमर्श होता रहा है । प्लेटो ने अपनी पुस्तक"रिपब्लिक" में कहा है कि किसी भी शिक्षक को विषय वस्तु के ज्ञान के साथ साथ अपने विद्यार्थी के स्वभाव की जानकारी भी होनी चाहिए । अरस्तु की विचारधारा जो शक्ति मनोविज्ञान(Faculty Psychology) के नाम से प्रसिद्ध हुई, इसी आधार शिला पर स्थिर थी । दो शताब्दी पहले इस पद्धति को

मनोवैज्ञानिक दृष्टि कोण प्रदान करने में रूसों ने शुरूआत की । रूसों ने अपने शिक्षा ग्रन्थ ऐमिली (Emily) में एक काल्पनिक बालक ऐमिली की शिक्षा अवस्था का वर्णन करते हुए लिखा है कि " बालक एक पुस्तक है, जिसे प्रत्येक शिक्षक को आद्योपान्त पढ़ना चाहिए । पैस्टालाजी ने स्वतन्त्र वातावरण की मांग की, जिससे विद्यार्थी स्वाभाविक ढंग से आत्म प्रकाशन (Self disclosure) करता हुआ आत्म अनुभव द्वारा सीखे सके (Forebell) ने इसी आधार पर किन्डर गार्टन प्रणाली की स्थापना की । और यही से गुण केन्द्रित या पुस्तक केन्द्रित शिक्षा बाल केन्द्रित हुई । हरबर्ट ने कक्षा शिक्षण के कार्य को मनोवैज्ञानिक आधार प्रदान किया । इस आन्दोलन को सफलता प्रदान कराने का श्रेय इटली की डा० मान्टेसरी (Montessori) को प्राप्त है । मान्टेसरी ने लिखा है कि शिक्षक को व्यवहारिक मनोविज्ञान का जितना अधिक ज्ञान होता है, उतना ही अधिक वह जानता है कि कैसे पढ़ाये ।

इसी आधार पर पेस्टालाजी ने अध्यापकों के प्रशिक्षण पर बल दिया । सर जान एडम्स का प्रिय वाक्य था "The master taught John Latin "यह एक त्रिध्रुवीय दृष्टिकोण है । अध्यापक पहला ध्रुव है, शिष्य (John) दूसरा तथा तीसरा ध्रुव विषय वस्तु (Latin) या गुरू का ज्ञान है, जिसे वह किसी प्रकार शिष्य को स्थानान्तरित करना चाहता है । इसमें" शिष्य को जानना" अत्यन्त ही महत्वपूर्ण है । इसी बात को रूसों ने कभी इस प्रकार कहा था "Education is not information,but formation of child's own nature."

नवीन शिक्षा के मनोवैज्ञानिक आधारों की आवश्यकता की आधार शिला भी इसी नीवं पर रखी हुई है कि शिक्षक और शिष्य के परस्पर सम्बन्ध मधुर, भावात्मक एवं प्रगाढ़ हो । महाविद्यालयों में इस सैद्धान्तिक रूप को व्यवहारिक या वास्तविक जामा पहनाना कुछ मुश्किल तो जरूर है किन्तु असम्भव नहीं । कारण स्पष्ट है कि यहाँ का शिक्षार्थी शिशु नही है । वह किशोर या नवयुवक है । यही नये शिक्षक के लिए चुनौती है, जो उसे स्वीकार करनी होगी किन्तु कौन किस प्रकार इसके प्रति किस प्रकार अन्तर्क्रिया करता है, वह व्यक्ति

विशेष पर तो निर्भर ही है, फिर भी ये मधुर सम्बन्ध कुछ कारकों पर आधारित होते है, जिनमें से कुछ निम्न प्रकार है ।

1- आर्थिक

2- राजनैनिक

3- सामाजिक

4- पारिवारिक

5- बौद्धिक

6- मनोवैज्ञानिक

इन कारकों में से सबसे महत्वपूर्ण कारक मनोवैज्ञानिक कारक है । यहाँ शिक्षक को विद्यार्थी के मनोविज्ञान का अध्ययन करना है (Psychology of Adolesence को जानना होगा । यही मनोविज्ञान शिक्षक को तथ्यों एवं सिद्धान्तों का खजाना प्रदान करता है , जो उसे अपनी व्यवसायिक आवश्यकताओं को पूर्ण करने में सहायता पहुचाता है विशेषत: महाविद्यालय शिक्षक के समक्ष और अधिक गम्भीर चेतावनी तथा समस्यायें होती है । क्योकि वह किशोरों के मध्य है । इसीलिए उसे उनकी ~~अभिवृत्तियों~~ अभिवृत्तियों, रूचियों, बौद्धिक योग्यताओं तथा मानसिक क्षमताओं को जानना होगा। इसीलिए कहा जाता है कि= शिक्षक और चिकित्सक दोनों का कार्य समान है । दोनो को निदान करना होता है । दोनों को मानव पदार्थ (Human Material (का पूर्ण ज्ञान होना चाहिए और उन कलाओं का भी जो साधनों का सबसे अच्छा प्रयोग कर सके ।

Sunday Oct. 19, 1986: forenoon session

Model Lecture:Botany

Dr. D.D.Pant,
Retd.Prof. of Botany,
Allahabad University.

The keynote of Dr. D.D.Pant's lecture was Sir Hans Krebbs remark,"you cannot be a good teacher without research." He remembered with gratitude those great teachers,who dedicated themselves to their profession, and merged their identity with the subject - professor Birbal Sahni,Prof. John Walton of Glasgow and Prof. Thomas Lobah, and emphasised that to be a teacher is to be an advanced student.

Defining research as the search after truth,Dr. Pant explained how the first ingredient of research is to observe facts,and to assemble them. Hard work,unflickering devotion are required for this. To clamour for infrastructure and sophisticated instruments has become the fashion of the day, whereas, if zeal be there, equipment can be devised,and atmosphere can be built by organizing a group of dedicated workers. The second stage of research - developing concepts and generalizations - requires mental capacities of superior order. Real research is done, for the real advancement of knowledge, only in pure-aspects.

Dr.Pant, in the second part of his lecture,explained how he devoted years of research to trace down the Glossopteris-flora, and how it can be corelated with the theory of continental drift.

रविवार अक्टूबर 19, 1986, पूर्वान्ह सत्र

राष्ट्रीय शिक्षा नीति का क्रियान्वयन

डा0परमानन्द मिश्र, आई0ए0एस0,
विशेष सचिव (शिक्षा)
उत्तर प्रदेश।

डा0मिश्र ने विचार व्यक्त किए कि यह त्रिदिवसीय प्राध्यापक कार्यशाला भी राष्ट्रीय शिक्षा नीति के क्रियान्वयन का ही एक भाग है, उच्च शिक्षा में कार्यरत अध्यापकों के लिए भी हर तीसरे वर्ष पुनर्बोधात्मक कार्यशाला आयोजित किए जाने की आवश्यकता पर बल दिया, क्योंकि ज्ञान विज्ञान के क्षितिज निरन्तर विस्तृत होते जा रहे हैं, तथा शिक्षा एक सतत प्रक्रिया है। उच्च शिक्षा में विशिष्टीकरण का महत्व है और विशिष्ट ज्ञान-विज्ञान का विकास विश्वविद्यालयों में सम्भव है। किन्तु प्रत्येक स्थान पर विश्वविद्यालय स्थापित नहीं किए जा सकते अतः महाविद्यालयों का दायित्व उच्च शिक्षा के वाहक के रूप में कार्य करना है। कार्यशाला की उपयोगिता तथा सामयिकता को देखते हुए डा0मिश्र ने विश्वास व्यक्त किया कि इस कार्यशाला में प्राध्यापक ज्ञान के नए आयामों, नई प्रक्रियाओं एवं शिक्षण-विधियों से परिचय प्राप्त करेंगे।

राष्ट्रीय शिक्षा नीति 1986 के विषय में बहुधा अनेक प्रश्न पूछे जाते हैं--(1) इस नई शिक्षा नीति में नया क्या है? (2) क्या नवोदय विद्यालय वर्तमान पब्लिक स्कूल्स का ही दूसरा रूप होंगे, (3) पाठ्यक्रमों, शिक्षण विधियों में क्या नयापन लाया जावेगा? (4) नई शिक्षा नीति में शिक्षण संस्थाओं को क्या नई सुविधाऐं दी गयी है?-- वास्तव में किसी विषय की क्रमबद्ध तथा सुसंगत जानकारी प्राप्त करना अधिक महत्वपूर्ण है, उससे सहमति या असहमति व्यक्त करना उतना नहीं।

विकास एक सतत, क्रमबद्ध प्रक्रिया है। किसी भी नीति के क्रियान्वन का- चाहे वह वैज्ञानिक, औद्योगिक नीति हो या शिक्षा नीति

समय समय पर पुनरीक्षण तथा मूल्यांकन किया जाना एवं तदनुरूप भविष्य के लिए नीति निर्धारित करना आवश्यक होता है। विकास के क्रम के रूप में एवं सामयिक आवश्यकताओं को दृष्टिगत रखते हुए परिवर्तन किया जाना, एवं तद् नुसार नीति-निर्धारण किया जाना दोनों ही आवश्यक है, नया तो वास्तव में वह है, जो पहले से विद्यमान हो न हो, इस दृष्टि से शिक्षा के क्षेत्र में पिछले अनुभवों, क्रियान्वयन में कमियों के आधार पर जो नीति अब प्रतिपादित की गयी है, वही राष्ट्रीय शिक्षा नीति 1986 है। इस नीति की तीन प्रमुख बातें निम्नांकित है:-

1. प्रारम्भिक शिक्षा का सार्वभौमीकरण
2. शिक्षा के अवसरों की समानता एवं समाज के पिछड़े वर्गों की शिक्षा पर विशेष बल।
3. शिक्षण प्रक्रिया एवं पाठ्यक्रमों का पुनर्गठन

शिक्षा का सार्वभौमीकरण- किसी देश के विकास के स्तर का मूल्यांकन करते समय उस देश में शिक्षित व्यक्तियों का प्रतिशत भी महत्वपूर्ण है। कोठारी कमीशन की संस्तुतियों के आधार पर ही देश से निरक्षरता उन्मूलन की नीति प्रतिपादित की गयी थी। 1986 की राष्ट्रीय शिक्षा नीति में इस लक्ष्य को प्राप्त किए जाने पर बल दिया गया है।

राष्ट्रीय शिक्षा नीति 1986 में 1.9 से 1.15 तक शिक्षा प्रणाली में परिवर्तन की आवश्यकता को समझाया गया है। अध्याय 3.2 से 3.12 तक उन अवधारणाओं का उल्लेख है जिनका क्रियान्वयन किया जाना है। इन्हीं का विस्तृत विवेचन अध्याय 4, 5 तथा 6 में किया गया है। वास्तव में राष्ट्रीय शिक्षा नीति 1986 दस्तावेज किसी एक व्यक्ति की रचना नहीं, यह देश के शिक्षाविदों, विद्वानों एवं विचारकों द्वारा शिक्षा के क्षेत्र में जिन मान्यताओं एवं लक्ष्यों की आवश्यकता समझी गयी है, उसी का समन्वित रूप है।

राष्ट्रीय शिक्षा नीति 1986 की कुछ अवधारणाओं का उल्लेख यहां पर समीचीन होगा जाति, वर्ण एवं लिंग के भेद-भाव बिना शिक्षा सभी के लिए समान रूप से उपलब्ध हो, शिक्षा प्राप्ति के लिए व्यक्ति को कहीं जाना न पड़े, वरन शिक्षा उसके पास आवे। देश में समान शिक्षा का ढ़ांचा 10+2+3 लागू हो। शिक्षा जो अभी तक "स्टेट लिस्ट" में रहो अब "समवर्ती सूची" में सम्मिलित कर ली गयी है। शिक्षा का राष्ट्रीय पाठ्यक्रम तैयार किया जाय। इसी प्रकार राष्ट्रीय शिक्षा नीति में अन्तर्राज्यीय गतिशीलता पर, स्त्री शिक्षा तथा प्रौढ़ शिक्षा पर बल दिया गया है। राष्ट्रीय शिक्षा नीति की एक विशेषता है अनौपचारिक शिक्षा पर बल दिया जाना। शिक्षा में कार्यानुभव, सामाजिक दृष्टि से उपादेयतायुक्त शिक्षा, तथा शिक्षा का Vocationalization भी इसके विशिष्ट बिन्दु है। आर्थिक दृष्टि से पिछड़े किन्तु मेधावी ग्रामीण छात्रों के लिए नवोदय विद्यालयों की स्थापना भी राष्ट्रीय शिक्षा नीति में सम्मिलित है। इन सभी बिन्दुओं पर डा0 मिश्रा द्वारा विस्तृत विवेचन प्रस्तुत किया गया।

रविवार अक्टूबर 19, 1986: अपरान्ह सत्र

समापन भाषण

डा. ब्रजेश्वर वर्मा,
भूतपूर्व निदेशक, केन्द्रीय हिन्दी
संस्थान, आगरा।

अपने समापन-भाषण में प्रो. ब्रजेश्वर वर्मा ने कार्यशाला की उपादेयता को स्पष्ट करते हुए विचार व्यक्त किए कि वास्तव में शिक्षक-प्रशिक्षण का यह कार्य बहुत पहले आरम्भ हो जाना चाहिए था, राष्ट्रीय शिक्षा नीति 1986 में शिक्षक-प्रशिक्षण एवं पुनर्बोधात्मक कार्यशालाओं को नियमित रूप से आयोजित किए जाने की बात स्पष्ट की गयी है, यह शिक्षा निदेशक (उच्च शिक्षा) डा. सतीश चन्द्र गुप्त जी का उत्साह, तथा अन्तर्दृष्टि ही है कि उन्होंने यह कार्य जो विश्वविद्यालयों द्वारा किया जाना चाहिए था, शिक्षा निदेशालय द्वारा आरम्भ किया, हमारे विश्वविद्यालय स्वयं को महिमामंडित मानने की प्रवृत्ति के कारण इस विचार को आत्मसात न कर पाए इसे एक विडम्बना ही कहा जायेगा। मैं इस कार्यशाला के आयोजन के लिए शिक्षा निदेशक को साधुवाद देता हूं।

इस प्रशिक्षण कार्यशाला में भाग लेने वाले युवा-अध्यापक इसकी उपादेयता से परिचित हो गये होंगे वास्तव में विषय ज्ञान को शिक्षार्थियों के समक्ष प्रस्तुत करना भी एक कला है। आज हमारे अनेक महाविद्यालय ऐसे स्थानों पर हैं जहां उच्च शिक्षा के लिए आवश्यक सुविधाएं, अच्छे पुस्तकालय, प्रयोगशालाएं, शोध संस्थान नहीं है। इसी कारण उन महाविद्यालयों के शिक्षकों के लिए अपने ज्ञान में निरंतर वृद्धि करना दुष्कर नहीं, तो कठिन तो अवश्य ही होता है।

एक शिक्षक के लिए अपने कर्तव्य के सफल निर्वाह के लिए यह आवश्यक है कि वह स्वयं सदैव ज्ञान के प्रति जिज्ञासु रहे। सतत शिक्षा अध्यापकों के लिए भी आवश्यक है। आज हमारे अध्यापकों एवं विद्यार्थियों

के बीच अन्तर्क्रिया (Interaction) का अभाव है। दूसरी बात यह है कि शिक्षक जन्मजात होता है, बनाया नहीं जाता, फिर भी इस शिक्षक को बहुत कुछ सीखना पड़ता है। ठीक उसी प्रकार जिस प्रकार प्रतिभाशाली कवि यद्यपि जन्मजात होता, फिर भी उसे काव्य शास्त्र की कुछ विशिष्ट बातें सीखनी ही पड़ती हैं। एक अच्छा शिक्षक अपने शिक्षार्थी में ज्ञान के प्रति जिज्ञासा जाग्रत करता है। परन्तु दुर्भाग्य यह है कि आज भी शिक्षा का उद्देश्य मात्र अच्छी नौकरी प्राप्त करना है, ज्ञान अर्जित करना नहीं। यह सच है कि पिछले दशकों में हमारे विद्यालयों और महाविद्यालयों की संख्यात्मक वृद्धि हुई है। पर क्या हम यह निष्कर्ष नहीं निकाला जाना चाहिए कि समाज का शिक्षा के प्रति अनुराग बढ़ा है। इसके विपरीत शिक्षा के स्तर में निरन्तर गिरावट हो आती जा रही है। शिक्षा के संबंध में समय समय पर जो आयोग गठित हुए उनकी संस्तुतियों के क्रियान्वयन में भी आधा अधूरापन ही बना रहा।

शिक्षक भी सामाजिक व्यवस्था का ही एक अंग है। अतः यह कहा जाना कि चरित्र का निर्माण केवल अध्यापक ही कर सकते हैं, एक थोथा कथन है। चरित्र-निर्माण के लिए तो समग्र समाज में व्याप्त परिस्थितियां एवं उनके बीच होने वाली अन्तःक्रियाएँ ही उत्तरदायी हैं। यदि आज शिक्षक भौतिक समृद्धि को ही सब कुछ मान बैठा है, तो इसमें उसका दोष नहीं है। आज यही हमारे समाज की सामान्य चिन्तन धारा है।

यदि हमें शिक्षा को नई दिशा देनी है, इसे समाज से जोड़ना है, अपनी सांस्कृतिक अस्मिता को बनाए रखना है, अपनी शिक्षण संस्थाओं को सामाजिक परिवेश से सम्बद्ध करना है, तो हमें चुनौतियों को स्वीकार करना होगा। हमें यह सोचना होगा कि शिक्षा में परिवर्तन किस दिशा में किए जायें। इस चिन्तन के लिए हमारे अध्यापकों को तत्पर रहना होगा। समाज में जो चारित्रिक ह्रास दृष्टिगत होता है, उसे रोककर चारित्रिक मूल्यों को पुनर्स्थापना नई शिक्षा को करनी होगी।

महाविद्यालय प्रवक्ता प्रशिक्षण कार्यशाला का मूल्यांकन

इस प्रशिक्षण में कुछ 50 ऐसे प्रवक्ताओं को प्रशिक्षण हेतु बुलाया गया था जिनका सेवाकाल 5 वर्ष से कम रहा था परन्तु केवल 37 प्रशिक्षणार्थियों ने ही भाग लिया। प्रशिक्षण कार्यशाला के मूल्यांकन हेतु प्रयोग में लाया गया प्रपत्र परिशिष्ट-। है, सभी प्रशिक्षणार्थियों से रिपोर्ट मांगी गयी थी जिसमें प्रशिक्षणार्थियों द्वारा न तो नाम ही देने थे न हस्ताक्षर ही करने थे जिससे वह अपना मत नि:संकोच दे सकें।

कुल 37 प्रशिक्षणार्थियों में से 34 प्रशिक्षणार्थियों से मूल्यांकन रिपोर्ट प्राप्त हुई। शेष तीन प्रशिक्षणार्थियों द्वारा, किंचित कारण से पूरे प्रशिक्षण में उपस्थित न होने के कारण, अपना मूल्यांकन प्रपत्र प्रस्तुत नहीं किए। प्राप्त रिपोर्ट के आधार पर जो परिणाम निकले वह निम्न प्रकार है:-

(1) अधिकांश प्रशिक्षणार्थियों, अर्थात् 21 प्रशिक्षणार्थी की शिक्षा आवासीय विश्वविद्यालयों में हुई थी जिनमें से 5 काशी हिन्दू विश्वविद्यालय, 3 गोरखपुर विश्वविद्यालय, 5 इलाहाबाद विश्वविद्यालय, 2 काशी विद्यापीठ, 1 लखनऊ विश्वविद्यालय, 1 आगरा विश्वविद्यालय तथा 1 सेन्ट्रल यूनिवर्सिटी, हैदराबाद से शिक्षा ग्रहण किये थे। तीन प्रशिक्षणार्थियों द्वारा विश्वविद्यालय की सूचना नहीं भरी गयी थी। शेष 13 प्रवक्ता केवल महाविद्यालयों में शिक्षा प्राप्त किये थे।

(2) कुल 34 प्रशिक्षणार्थियों में 16 प्रशिक्षणार्थी केवल मास्टर डिग्री तक, 3 एम0फिल तथा 9 पी0एच0डी0 तक की अर्हता रखते थे। प्रशिक्षणार्थियों में से 6 के द्वारा अपनी शिक्षा का स्तर नहीं दिया गया था।

(3) 34 प्रशिक्षणार्थियों में प्रशिक्षण में आने से पहले 31 प्रशिक्षणार्थियों द्वारा शिक्षण तकनीकी का नया ज्ञान, 29 ने अध्यापकों के कर्तव्य का बोध, 21 ने विषय का आधुनिक ज्ञान तथा 32 प्रशिक्षणार्थियों ने शिक्षा जगत में नये परिवर्तनों की जानकारी होने की आशा की थी।

(4) दो प्रशिक्षणार्थियों द्वारा शतप्रतिशत, 12 प्रशिक्षणार्थियों द्वारा यह मत व्यक्त किया कि उनकी 75 प्रतिशत आशायें पूर्ण हो गयी जबकि 11 प्रशिक्षणार्थियों द्वारा 50 प्रतिशत, तथा 6 प्रशिक्षणार्थियों द्वारा 25 प्रतिशत अपेक्षायें कार्यशाला से प्राप्त होने का मत व्यक्त किया। तीन प्रशिक्षणार्थियों ने कोई मत व्यक्त नहीं किया।

(5) प्रशिक्षण के कमजोर पहलुओं को और इंगित करते हुए केवल 25 प्रशिक्षणार्थियों द्वारा यह मत व्यक्त किया गया कि प्रशिक्षण की अवधि कम थी। ग्यारह प्रशिक्षणार्थियों ने यह मत व्यक्त किया कि व्याख्यानकर्ताओं के चुनाव उचित नहीं थे। छः प्रशिक्षणार्थियों द्वारा शिक्षण की तकनीकी बोध एवं प्रति व्याख्यान के पश्चात शंकाओं के समाधान हेतु कम समय दिए जाने की शिकायत की। दो प्रशिक्षणार्थियों द्वारा यह कहा गया कि कार्य शाला में शिक्षक के आचरण नैतिकता एवं कर्तव्यों पर प्रकाश नहीं डाला गया है। प्रशिक्षण में 3 ऐसे व्यक्ति थे जिन्होंने यह मत व्यक्त किया कि प्रशिक्षण से कोई ज्ञान वर्धन नहीं हुआ। प्रशिक्षणार्थियों द्वारा शिक्षा को अधिक सुगम एवं सुरुचिपूर्ण बनाने, शिक्षकों का समाज के प्रति दायित्व, बोध संबंधी विषयों का चयन, आदर्श परीक्षा से संबंधित कार्य प्रणाली, मूल्यांकन आदि विषय पर व्याख्यान देने का मत दिया गया। प्रशिक्षण का माध्यम हिन्दी होने पर भी बल दिया गया। विषयों के माडल लेक्चर, विभिन्न विषयों का आधुनिकतम ज्ञान, शिक्षा के परिवर्तन आदि के संबंध में भी विशेष बल देने की अपेक्षायें की गयी।

(6) विभिन्न विद्वानों ने कार्यशाला में आये प्रवक्ताओं के मार्गदर्शन हेतु विभिन्न विषयों पर व्याख्यान दिए थे। उनमें से सर्वाधिक लगभग 50% ने डा० एस०सी०गुप्त, शिक्षा निदेशक उच्च शिक्षा के व्याख्यान "प्रिपेयरिंग फार क्लास लेक्चर्स, टीचर्स रोल इन आर्गनाइजिंग ट्यूटोरियल, सेमीनार, ग्रुप डिस्कशन आदि" को पसन्द किया है और प्रशंसा की है। शिक्षा निदेशक के कार्य

संचालन को भी प्रशिक्षणार्थियों द्वारा सराहना की गयी है। इसके अतिरिक्त प्रो०ए०डी०पन्त, निदेशक, जी०बी०पन्त, इंस्टीट्यूट, इलाहाबाद, डा०वाई०वी० सिंह निदेशक, इलाहाबाद एग्रीकल्चरल इन्स्टीट्यूट, नैनी इलाहाबाद, डा०पी० एन०मिश्र, विशेष शिक्षा सचिव, डा० टी०एस०पपोला तथा डा०के०एम०बहाउद्धीन से भी प्रभावित थे।

(7) सभी प्रशिक्षणार्थियों द्वारा इस प्रकार की कार्यशालाओं की आयोजना की आवश्यकता पर बल देते हुए इसे भविष्य में होते रहने का परामर्श दिया।

(8) प्रशिक्षणार्थियों द्वारा यह कार्यक्रम कम से कम 10 दिन से 15 दिन तक चलाने का अपना सुझाव दिया। विशेष अनुभवी व्याख्यान कर्ताओं को बुलाने, ग्रुप डिसकशन कराने तथा विभिन्न विषयों के प्रवक्ताओं का चयन करने संबंधी विद्वानों से व्याख्यान कराने का सुझाव दिया गया। एक दिन में अधिक से अधिक तीन व्याख्यान देने का सुझाव दिया गया। कुछ प्रशिक्षणार्थी द्वारा सुबह तथा सायंकाल के खाना की व्यवस्था कराने का भी सुझाव दिया गया। कालेज के प्राचार्यों को भी इस तरह के प्रशिक्षण देने का सुझाव दिया गया।

परिशिष्ट-1

उच्च शिक्षा निदेशालय द्वारा आयोजित प्रवक्ता प्रशिक्षण कार्यशाला का मूल्यांकन

नोट: 1. बिना किसी अन्य से परामर्श किए केवल अपनी प्रतिक्रिया अंकित करें
2. कृपया अपना नाम कहीं न लिखें और न हस्ताक्षर करें।

1. आपकी शिक्षा किस स्तर तक हुई है- मास्टर डिग्री/एम०फिल/पी०एच०डी०

2. क्या आप दिनांक 16 से 19 अक्टूबर, 1986 तक आयोजित समस्त कार्यक्रमों में उपस्थित रहे - हाँ/नहीं। यदि नहीं तो किन किन कार्यक्रमों में उपस्थित न हो सके.......................................

3. आपकी शिक्षा क्या किसी विश्वविद्यालयीय आवासीय विभाग में हुई है - हाँ/नहीं

4. यदि किसी विश्वविद्यालययी विभाग में पढ़े है- किस विश्वविद्यालय में.... .... कितने वर्ष....................

किस उपाधि हेतु...

5. कार्यक्रम में आने के पूर्व आपने इस कार्यशाला से क्या अपेक्षा की थी:-

क.	शिक्षण तकनीकी का नया ज्ञान होगा	-	हाँ/नहीं
ख.	अध्यापक के कर्तव्यों का बोध होगा	-	हाँ/नहीं
ग.	विषय का आधुनिकतम ज्ञान होगा	-	हाँ/नहीं
घ.	शिक्षा जगत में हो रहे परिवर्तनों की जानकारी होगी	-	हाँ/नहीं
ङ.	अन्य जो आपने अपेक्षा की हो	-	....

....

....

6. आपकी अपेक्षायें किस सीमा तक पूर्ण हुईं:-

100% 75% 50% 25% शून्य

7. प्रशिक्षण के पहलू जो आप कमजोर समझते हो (✓लगायें)

क.	व्याख्यान कर्ताओं का चुनाव उचित न था	....
ख.	शिक्षण तकनीकी का बोध नहीं हुआ	....
ग.	शिक्षक के आचरण, नैतिकता व कर्तव्यों का बोध नहीं हुआ	....
घ.	कोई ज्ञानवर्धन नहीं हुआ	....

Sub. National Systems Unit,
National Institute of Educational
Planning and Administration
17-B, Sri Aurobindo Marg, New Delhi-110016
DOC. No.....
Date.....

इ. प्रशिक्षण की अवधि कम थी .....

च. प्रति व्याख्यान के पश्चात शंकाओं के समाधान हेतु समय नहीं दिया गया। .....

छ. निम्नलिखित पहलुओं पर प्रकाश नहीं डाला गया .....

.....

8. किन 3 कार्यक्रमों से आप सर्वाधिक लाभान्वित हुए:

विषय	व्याख्यानकर्ता
क.	
ख.	
ग.	

9. आपके विचार से क्या इस प्रकार की कार्यशालायें नये प्राध्यापकों के लिए भविष्य में भी होनी चाहिए हाँ/नहीं

10. यदि आप इस कार्यशाला को उपयोगी मानते हों तो संक्षेप में कृपया व्यक्त करें कि भविष्य में कितनी अवधि का यह कार्यक्रम हो, किन किन कार्यक्रमों को और सम्मिलित किया जाए और वर्तमान कार्यक्रम के क्या क्या कार्यक्रम छोड़े जा सकते हैं, आदि।

.....

.....

.....

.....

नोट- नाम या हस्ताक्षर नहीं देना है।